# दिल्ली और लखनऊ जैसी अग्नि दुर्घटना के इंतजार में बैठा ननि

## शहर में बगैर अनुज्ञा के बन रहे व्यवसायिक भवन, बेसमेंट पार्किंग में गोदाम और कार्यालय, कार्यवाही के नाम पर केवल नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जून, दिल्ली एवं लखनऊ की अग्नि दुर्घटना के बावजूद रीवा का नगर निगम प्रशासन नींद से नही जागा है. बहुमंजिला भवन अवैध रूप से बगैर अनुज्ञा के निर्माणाधीन है और आवासीय अनुमति प्राप्त भवनों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है. फायर सेफ्टी की व्यवस्था तक नही उसके बाद भी नगर निगम आंख मूंद कर बैठा है. शायद इंतजार में है कि दिल्ली के होटल में जिस तरह से आगजनी में कई लोग मौत के गाल में समा गये और लखनऊ के कोचिंग सेंटर में कई छात्र मौत के मुंह में चले गये.**



आगजनी की दोनो घटनाओं के बाद भी रीवा नगर निगम प्रशासन नही जागा. जबकि शहर के संजय गांधी अस्पताल में दो बार आगजनी की घटना हो चुकी है उसके बाद भी अग्नि सुरक्षा आडिट परीक्षण नही किया जा रहा है. शहर में अवैध रूप से बगैर भवन अनुज्ञा के व्यवसायिक भवनों का निर्माण हो रहा है. इतना ही नही स्वीकृत मानचित्र के विपरीत नियमों को दरकिनार कर बहुमंजिला भवन बन रहे है. इसके अलावा अनुज्ञा का उल्लंघन करते हुए आवासीय अनुमति प्राप्त भवनों का व्यवसायिक उपयोग हो रहा है. रीवा शहर में भी दिल्ली और लखनऊ जैसी अग्नि दुर्घटना होने की संभावना है. लेकिन नगर निगम प्रशासन सो रहा है. मजे की बात तो यह है कि तलघर-बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के स्थान पर कोचिंग संस्थान, नर्सिंग होम, कार्यालय, गोदाम आदि के रूप में किया जा रहा है. निर्माण स्वीकृत मानचित्र की भी धज्जियां उड़ाई जा रही है. इतना ही नही निर्मित भवनो में अग्रभाग में खुला क्षेत्र, सेटबैक नही छोड़ा जा रहा है. जिससे आपातकाल में अग्निशमन वाहन का पहुंचना असंभव है. कई ऐसे भवन बने है जहा अगर आग लग जाय तो फायर बिग्रेड तक नही पहुंच सकता है. नियमों को ताक में रखकर भवनों का निर्माण चल रहा है लेकिन संबंधित इंजीनियरों को इसकी भनक तक नही लगती है. नेहरू नगर मिश्रा पेट्रोल पम्प के सामने अवैध रूप से बिना अनुज्ञा के बहुमंजिला भवन बनकर तैयार हो गया और इसकी जानकारी संबंधित इंजीनियरों को नही है,

ऐसा हो नही सकता. जो भी इंजीनियर वार्ड में पदस्थ रहे है उनके द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई आखिर क्यो? आम आदमी छोटा सा मकान बनाता है तो अनुमति न होने पर नगर निगम आ अमला पहुंच जाता है तो आखिर रसूखदार के अवैध भवन पर अभी तक कार्यवाही का बुलडोजर क्यो नही चला.



### केवल नोटिस तक सीमित है नगर निगम

शहर के अंदर बगैर भवन अनुज्ञा के व्यवसायिक भवन का निर्माण धड़ल्ले के साथ हो रहा है जो कि संबंधित वार्ड के उपयंत्री-सहायक यंत्री को दिखाई नही देता है. एजी कालेज मोड़ के पास बगैर अनुज्ञा के कई भवन बन रहे है. इसी तरह वार्ड 25 रीवा हास्पिटल के पास अवैध निर्माण चल रहा है. शहर के ही वार्ड क्रमांक 13 में नेहरू नगर मिश्रा पेट्रोल पम्प के सामने बिना अनुमति के व्यवसायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है. जिसका निरीक्षण सहायक यंत्री जोन क्रमांक 3 द्वारा किया गया और रमेश सासवानी को 11 जून को नोटिस जारी की गई. लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही की गई, जबकि तीन दिवस के अंदर संबंधित से सभी अभिलेख मांगे गये थे. तीन दिन का समय बीतने के बाद भी अगली नोटिस नही जारी की गई, जबकि एमआईसी सदस्य धनेन्द्र सिंह ने भी भवन को लेकर आपत्ति जताते हुए कमिश्नर को पत्र लिखकर जानकारी तलब की थी.

### बेसमेंट पार्किंग को लेकर पूर्व में जारी हुई थी नोटिस

दिल्ली में जुलाई 2024 में बेसमेंट पार्किंग में पानी भर जाने से छात्रों की हुई मौत के बाद प्रदेश भर में बेसमेंट पार्किंग को लेकर अभियान चलाकर कार्यवाही की गई थी. उसी तारतम्य में रीवा नगर निगम के अधिकारियों ने भी नापजोख कर कई भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया था. लेकिन कोई कार्यवाही आज तक नही की गई. जबकि बेसमेंट पार्किंग का उपयोग पार्किंग के अलावा अन्य कार्यो के लिये हो रहा है.

### महापौर ने कार्यवाही के लिए आयुक्त को लिखा पत्र

दिल्ली और लखनऊ की घटना को ध्यान में रखते हुए महापौर अजय मिश्रा बाबा ने अवैध निर्माण एवं भवन उपविधि उल्लंघन की रोकथाम को लेकर तत्काल कार्यवाही के लिये निगम आयुक्त को मंगलवार को पत्र लिखा है. जिसमें उन्होने बताया कि किस तरह से आवासीय अनुमति प्राप्त भवनों का उपयोग व्यवसायिक किया जा रहा है. तलघर, बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के बजाय कोचिंग संस्थान, नर्सिंग होम, गोदाम आदि के रूप में उपयोग किया जा रहा है. जो भी व्यवसायिक भवन, बारात घर बने है या बन रहे है उसमें स्वीकृत मानचित्र का पालन नही किया गया है. महापौर ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व में भी पत्राचार किया गया लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही की गई, क्या प्रशासन किसी बड़ी घटना के इंतजार में है. संजय गांधी अस्पताल में दो बार अग्नि घटना हो चुकी है. हाल ही में नीट परीक्षा केन्द्र मार्तण्ड क्रमांक 2 प्राचार्य कक्ष में भी आगजनी हुई है. महापौर ने संयुक्त जांच दल गठित करने एवं शहर के समस्त कोचिंग संस्थान, अस्पताल नर्सिंग होम, व्यवसायिक काम्पलेक्स आदि स्थल का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा एवं भवन अनुज्ञा, निकास व्यवस्था की जांच सात दिवस के अंदर कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें और नियम विरूद्ध पाये गये भवनों को नोटिस जारी कर 15 दिवस में शील एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने का उल्लेख किया है.



# जनपद अध्यक्ष रीवा के खिलाफ सदस्यों ने खोला मोर्चा, सौंपा अविश्वास प्रस्ताव

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जून, रीवा जनपद कार्यालय में जनपद अध्यक्ष के खिलाफ सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है. दरअसल रीवा जनपद के कुल 25 में से 22 सदस्य अविश्वास प्रस्ताव लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे है, कुल मिलाकर अब जनपद रीवा मे भी तख्ता पलट के संकेत साफ नजर आ रहे हैं.**

एक बार फिर पूर्व की तरह जनपद सदस्य अपनी नाराजगी के साथ अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिये है. अध्यक्ष के विरोध में उतरे सदस्यों का आरोप है कि रीवा जनपद कार्यालय में अध्यक्ष का चुनाव क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए किया गया था, लेकिन अध्यक्ष पद का संचालन उनके पति के द्वारा किया जाता है जिसमें जनपद सीईओ की पूरी संलिप्तता बताई गई है. अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए सदस्यों ने बताया कि बैठक का संचालन हमेशा ही जनपद अध्यक्ष संगीता यादव की जगह उनके पति राजेश यादव के द्वारा किया जाता है. कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे सदस्यों ने आरोप लगाया कि पिछली बैठक में अध्यक्ष पति राजेश यादव के कहने पर उपाध्यक्ष सुनीता द्विवेदी को बैठक से बाहर कर दिया गया. हालांकि जनपद रीवा मैं चल रहे विवाद का यह मामला अभी का नहीं है, इसके पूर्व भी रीवा जनपद के संचालक को लेकर अध्यक्ष पति पर कई बार गंभीर आरोप लग चुके हैं. नाराज सदस्यों का कहना है कि जनपद अध्यक्ष संगीता यादव के पति राजेश यादव अपने आप को सांसद प्रतिनिधि बताकर बैठक में शामिल होते हैं, जबकि जनपद में सांसद प्रतिनिधि को बैठक में बैठने का कोई औचित्य नहीं है, जब तक जिला स्तर की बैठक ना हो. फिलहाल अब देखना यह होगा की मान मनौवल का दौर चलता है या फिर रीवा जनपद में तख्ता पलट होता है.

## संक्षिप्त

### समीक्षा बैठक आज

**रीवा,** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 24 जून को सुबह 11 बजे से गूगल मीट के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है. बैठक में नवागत कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 25 जून को आयोजित होने वाली बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही की समीक्षा करेंगे. संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स से गूगल मीट के माध्यम से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया है. सभी संबंधित संभागीय अधिकारी कमिश्नर कार्यालय सभागार से बैठक में शामिल होंगे.

### निरीक्षण के लिए कल खुलेगा ईव्हीएम वेयरहाउस

**रीवा,** अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया है कि नियमित त्रैमासिक निरीक्षण के लिए शासकीय इंजीनियरिंग कालेज में स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस 25 जून को सुबह 11 बजे खोला जाएगा. यह कार्यवाही जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में होगी. अपर कलेक्टर ने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वेयरहाउस खुलने के समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है.

### पीटीएस में 94 वां नवआरक्षक प्रशिक्षण सत्र शुरू

**रीवा,** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में 94 वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ हुआ. पूरे मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से अब तक 551 प्रशिक्षणार्थियों ने बुनियादी प्रशिक्षण हेतु पीटीएस में दी है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, रीवा जोन गौरव राजपूत रहे. शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया. प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आईजी गौरव राजपूत ने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि जनसेवा का पवित्र दायित्व है. उन्होंने नवआरक्षकों से प्रशिक्षण को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और धैर्य के साथ पूरा करने का आह्वान किया. उन्होंने जोर देकर कहा कि कठिन परिश्रम, ईमानदारी और संवेदनशीलता ही एक आदर्श पुलिस अधिकारी की पहचान है. संस्था प्रमुख एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने अपने उद्बोधन में नवआरक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्दी का सम्मान बनाए रखना और हर चुनौती का साहस के साथ सामना करना ही हमारा कर्तव्य है. उन्होंने कहा कि जनता की सेवा और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए 'सेवा ही धर्म' के भाव से कार्य करें.



### रीवा में निकला कैंडल मार्च

**रीवा,** बिहार के भोजपुर जिले के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पुलिस मुठभेड़ में हुई संदिग्ध मौत के विरोध में रीवा में कैंडल मार्च एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. भरत भूषण तिवारी को सर्व समाज द्वारा शहीद का दर्जा देते हुए मोमबत्तियां जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कैंडल मार्च विवेकानंद पार्क से प्रारंभ होकर शिल्पी प्लाजा होते हुए अग्रसेन चौक तक पहुंचा. इस दौरान युवाओं ने 'भरत भूषण तिवारी अमर रहें' और 'न्याय दो, न्याय दो' के गगनभेदी नारे लगाए. इस दौरान कहा गया कि भरत भूषण तिवारी कोई अपराधी नहीं, बल्कि दबे-कुचलों की आवाज उठाने वाले सक्रिय कार्यकर्ता थे. आत्मसमर्पण के बाद निहत्थे व्यक्ति पर गोली चलाना सीधे तौर पर मानवाधिकारों का हन और फर्जी एनकाउंटर है. प्रदर्शनकारियों ने बिहार सरकार से मांग की कि भरत तिवारी की मौत की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिले. चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो इस आंदोलन को उग्र कर संपूर्ण भारत बंद का आह्वान किया जाएगा.



अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष छात्रावास का निरीक्षण करते हुए

# अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने किया स्कूल तथा छात्रावासों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जून, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष कैलाश जाटव रीवा जिले के भ्रमण के दौरान स्कूलों तथा छात्रावासों का निरीक्षण किया.**

अध्यक्ष ने शासकीय पीके सांदीपनि विद्यालय तथा शासकीय एसके हायर सेकण्डरी स्कूल का निरीक्षण करते हुए अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने प्राचार्यों को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कक्षा आठवीं के बाद ही कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन दें. शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देकर अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराएं. अध्यक्ष श्री जाटव ने शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में अनुसूचित जाति सीनियर और जूनियर छात्रावासों का निरीक्षण किया. अध्यक्ष ने छात्रावास में पेयजल व्यवस्था, टायलेट की साफ-सफाई तथा बिजली की फिटिंग में सुधार के निर्देश दिए. अध्यक्ष ने छात्राओं से छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं तथा कठिनाईयों की जानकारी ली. छात्राओं ने बताया कि भवन पुराना होने के कारण दीवारों में सीपेज रहता है तथा छत से पानी टपकता है. अध्यक्ष ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि दोनों छात्रावास भवनों में आवश्यक सुधार कार्य तत्काल कराएं. छात्रावास में कूलर तथा वाटर कूलर की भी व्यवस्था करें. छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा देने के लिए वाईफाई सिस्टम लगवाएं. छात्रावास परिसर में समुचित साफ-सफाई कराएं, जिससे जहरीले जीव-जंतुओं का भय न रहे. खिड़कियों तथा रोशनदानों में तत्काल जाली लगवाएं जिससे मच्छरों और जहरीले जीवों से सुरक्षा हो सके. निरीक्षण के समय जिला संयोजक केके पाण्डेय, वित्तीय प्रबंधक रूचि तिवारी, छात्रावास अधीक्षिका उपस्थित रहीं.

# पुलिस ने लाखों की चोरी का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जून, थाना अमहिया पुलिस ने चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर लाखों का माल बरामद किया है. तीन आरोपियों से 8 नग एलईडी टीवी सहित 2 नग मिक्सर ग्राइन्डर बरामद किया है.**



थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने बताया कि फरियादी अरूण ठारवानी निवासी कृष्णाकुंज सोसायटी थाना बिछिया द्वारा थाना में रिपोर्ट की गई की अमहिया रीवा मे बंजारा फर्नीचर नाम से उसकी शोरूम है. शोरूम से 08 नग एलईडी टी.व्ही और 02 नग मिक्सर ग्राइन्डर आरोपी चोरी कर ले गया है. रिपोर्ट पर थाना अमहिया में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना के दौरान आरोपी साहिल अंसारी पिता शब्बीर अंसारी उम्र 24 वर्ष, कासिम शाह पिता शहीद शाह उम्र 22 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पीछे, राजेश श्रीवास्तव पिता स्व. राजबहादुर श्रीवास्तव उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम लुढ़ौनी थाना कोतवाली जिला मैहर हाल हल्दी हाउस के पास थाना अमहिया को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो साहिल अंसारी से चोरी का सामान खरीदना व दोनो आरोपियों द्वारा अपने पास रखना स्वीकार किया.

# सतपुड़ा आईटीआई मऊगंज में रोजगार मेला आज

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 23 जून, युवा संगम कार्यक्रम के तहत सतपुड़ा आई.टी.आई. मऊगंज में 24 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी लेकर आना होगा.



# स्थानांतरित कमिश्नर बीएस जामोद को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जून, रीवा संभाग से स्थानांतरित कमिश्नर बीएस जामोद को राजस्व, पुलिस तथा संभागीय अधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई. श्री जामोद को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पहार देकर सम्मानित किया गया.**

समारोह में नवागत कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया. कार्यक्रम में नवागत कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि श्री जामोद बहुत लंबे समय से मेरे मित्र हैं. आपकी सहज कार्यप्रणाली और प्रशासनिक कठिनाईयों को सूझ-बूझ से हल करने की क्षमता अद्वितीय है. श्री जामोद ने अपने कार्य व्यवहार और प्रशासनिक निर्णयों से संभाग के लोगों पर अच्छी छाप छोड़ी है. संभाग के सभी अधिकारी पदीय दायित्व के अनुसार पूरी जिम्मेदारी से कार्य करें. संभाग को विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें. समारोह में स्थानांतरित कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि रीवा में मेरा लगभग दो वर्षों का कार्यकाल हमेशा मुझे याद रहेगा.

यहाँ के अधिकारी परिश्रमी और प्रतिभावान हैं. सभी का मुझे भरपूर सहयोग मिला. रीवा संभाग पहले कई मामलों में प्रदेश में सबसे पीछे रहता था लेकिन अब स्थिति में बहुत सुधार हुआ है. मैं सभी अधिकारियों और रीवा के आमजनों के प्रति हृदय से आभार करता हूं. कार्यक्रम में सभी जिले के अधिकारीगण मौजूद रहे.

# डॉ. श्यामा प्रसाद का बलिदान राष्ट्र की एकता और अखंडता का अमर प्रतीक : सिद्धार्थ

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जून, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती वर्ष के बलिदान दिवस पर त्योंथर विधानसभा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ.**



इस अवसर पर त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने भाजपा संगठन परिवार एवं क्षेत्रवासियों के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी 'राज' ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे. उन्होंने जम्मू-कश्मीर में लागू पृथक व्यवस्था का विरोध करते हुए 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का उद्घोष किया था. राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए संघर्ष करते हुए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता. विधायक श्री तिवारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत की मुख्यधारा से पूर्णत: जोड़ने के लिए डॉ. मुखर्जी ने जो संघर्ष किया था, वह भारतीय लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है. आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा 370 की समाप्ति के साथ डॉ.

### अग्रहरि वैश्य समाज राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक 19 जुलाई को

**चाकघाट, 23 जून,** अग्रहरि वैश्य समाज की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक आगामी 19 जुलाई को प्रयागराज के कान्हा श्याम होटल में आयोजित की गई है. इस बैठक में राष्ट्रीय कार्य समिति के सभी संरक्षकों, पदाधिकारियो, मार्गदर्शकों, सभासदों, पदेन सभासदों, स्थाई और आमंत्रित सदस्यों को आमंत्रित किया गया है. सभी से पहुंचने की अपील की गई है.

# नशे में धुत युवक ने चाकू दिखाकर फैलाई दहशत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जून, रीवा शहर में पिछले एक माह से लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है. अपराधी बेखौफ होकर वारदातो को अंजाम दे रहे है. आये दिन दहशत फैलाने वाले वीडियो सामने आते रहते है.**

रीवा शहर की बाणसागर कालोनी में बीती रात युवक ने जमकर उत्पात मचाया है. नशे मे धुत युवक ने चाकू दिखाकर ना सिर्फ दहशत फैलाई बल्कि लोगो को धमकाया भी. फिलहाल घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवक हाथ धारदार हथियारनुमा चाकू लिए नजर आ रहा है. दरअसल पूरा मामला शहर के समान थाना क्षेत्र बाणसागर कॉलोनी का है. सामने आए वीडियो मे चाकू के साथ नजर आ रहा युवक स्थानीय राहुल गुप्ता बताया जा रहा है. मोहल्लेवासियो की माने तो युवक आधी रात नशे मे धुत होकर उत्पात मचा रहा था और विरोध करने पर चाकू दिखाकर लोगो को धमका रहा था. फिलहाल रात मे हुये इस हंगामे का वीडियो अब शोसल मीडिया मे वायरल हो रहा है. समान थाना पुलिस भी मामले की जांच में जुटी हुई है.